(नकल- आदेश दिनांक- 21-1-22)

आदेश पत्रक

न्यायालय : उपजिलाधिकारी

मण्डल :प्रयागराज,जनपद :प्रयागराज,तहसील :कोरांव

वाद संख्या :-122/2022

कंप्यूटरीकृत वाद संख्या :-T202202030900122

विनोद कुमार गुप्ता बनाम सरकार

अंतर्गत धारा:- 80, अधिनियम :- उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता - 2006

निर्णय

प्रस्तुत वादी विनोद कुमार गुप्ता पुत्र सूर्य प्रसाद गुप्ता नि०ग्राम लच्छीपुर,तहसील रानीगंज, प्रतापगढ़ द्वारा इस कथन के साथ दाखिल किया है कि आराजी मौजा कैथवल की गाटा सं0 04 रकबा 1.3030हे0 में से वादी द्वारा रकबा 0.0460हे0 पर विद्यालय हेतु भवन का निर्माण कराया गया है। वादग्रस्त भूमि पर कृषि कार्य नहीं होता है और अन्त में अकृषिक किये जाने की याचना की गयी है।

प्रकरण की जांच तहसीलदार कोरांव से करायी गयी। तहसीलदार कोरांव ने अपनी जांच आख्या दिनांक 07/08/2021,के द्वारा अवगत कराया है कि वादी के गाटा सं0 04 रकबा 1.3030हे0 में से वादी द्वारा रकबा 0.0460हे0 पर विद्यालय हेतु भवन का निर्माण कराया गया है। है। जिस पर [illegible] जाता है जिसे उद्घोषणा शुल्क जमा कराके अकृषिक किये जाने की आख्या प्रेषित की गयी है।

मैंने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों [illegible] तहसीलदार कोरांव की जांच आख्या का अवलोकन किया। वादी की भूमि पर कृषि कार्य नहीं होता है। ऐसी स्थिति में भूमि को अकृषिक किया जाना उचित एवं न्यायसंगत प्रतीत [illegible]

आदेश

अतः आदेश दिया जाता है ग्राम कैथवल परगना खैरागढ़ तहसील कोरांव प्रयागराज की खतौनी 1426फ0-1431फ0 के खाता सं0 00317 की गाटा सं0 04 रकबा 1.3030हे0 पर वादी विनोद कुमार गुप्ता पुत्र सूर्य प्रसाद गुप्ता नि०ग्राम लच्छीपुर, द्वारा विद्यालय हेतु भवन का निर्माण कराया गया है,तथा शेषभूमि पर खेल के मैदान एवं अन्य प्रयोजन हेतु मौके पर परती है। जिसे अकृषिक लगान मुक्त घोषित किया जाता है। वादी द्वारा निर्धारित शुल्क, [illegible] ट्रेजरी तथा निर्धारित स्टाम्प जमा कोष किया गया है। तहसीलदार कोरांव की जांच आख्या आदेश का अंग होगा। परवाना अमलदरामद जारी हो। यह अमलदरामद वर्षानुवर्ष खतौनी में अंकित होती रहेगी। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

(अभिनव [illegible])

उप जिलाधिकारी

कोरांव प्रयागराज

UTTHAN SAMITI GRAMIN

श्री योगेन्द्र नाथ द्विवेदी

सत्य प्रतिलिपि

दिनांक नकल प्रार्थना पत्र 3/6/22

दिनांक नकल तैयारी 20/6/22

दिनांक नकल दी 24/7/22

उप जिलाधिकारी कोरांव

पृष्ठ संख्या

उप जिलाधिकारी

कोरांव, प्रयागराज

Scanned with OKEN Scanner